प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान के पोखरण में तीनों सेनाओं की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की संयोजित प्रदर्शन–भारत शक्ति का अवलोकन किया। इस दौरान तीनों सेनाओं द्वारा स्वदेशी अस्त्र प्रणालियों का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने लाइव फायर और कौशल अभ्यास को काफी दिलचस्पी से देखा।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रांची–वाराणसी वन्दे भारत समेत देश को दस नई वन्दे भारत ट्रेनों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न स्टेशनों पर एक हजार पांच सौ **वन स्टेशन वन प्रोडक्ट** काउंटर भी राष्ट्र को समर्पित किया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद से कोडरमा के लोगों को दो बड़ी सौगात दी है। एक तरफ जहां रांची वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का कोडरमा में ठहराव शुरू हुआ वही वन स्टेशन वन प्रोडक्ट काउंटर का भी प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन अनावरण किया। ऑनलाइन कार्यक्रम के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा स्टेशन पर लगे शिलापट का भी अनावरण किया। इस दौरान उन्होने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रांची गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार आसनसोल तक करते हुए, उसके समय सारणी में भी बदलाव किया गया है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल तरीके से पलामू को भी रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होने डालटनगंज और नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन–एक उत्पाद स्टॉल तथा कोशियारा में गुड्स शेड का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा स्टेशन में एक स्टेशन एक उत्पाद का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इधर प्रधानमंत्री ने आज वर्चुअल तरीके से सीनी रेलवे स्टेशन परिसर में जन औषधि केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित पद्मश्री छुटनी महतो ने प्रधानमंत्री की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को कम मूल्य पर सुलभ तरीके से दवाइयां मिल पाएँगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ऑनलाइन माध्यम से टाटानगर रेलवे स्टेशन में रेल कोच रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चक्रधरपुर के सीनियर डीसीएम गजराज सिंह ने बताया कि वोकल फोर लोकल को बढ़ावा देने के लिए छोटे और गरीब उद्यमियों को भी रेलवे स्टेशन पर उत्पाद बेचने के लिए स्थान दिया जा रहा है।

****

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नागरिकता संशोधन विधेयक पर विचार रखते हुए कहा कि इस विधेयक को लागू करने का मकसद देश में गैर कानूनी माइग्रेशन को रोकना है। उन्होंने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसे लेकर जो भी कदम उठाए जा रहे हैं, वह यहां पर अवैध रूप से रहने वाले लोगों के लिए ही उठाए जा रहे हैं। झारखंड के परिप्रेक्ष्य में राज्यपाल ने कहा कि डेमोग्राफिक चेंज को देखते हुए ही इसे लागू किया गया है।

****

लातेहार जिले के बेतला नेशनल पार्क मे वन्य प्राणियों को अब पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

****

ऐतिहासिक नागरिकता संशोधन अधिनियम का राज्य में व्यापक रूप से स्वागत हुआ है। जमशेदपुर अंतर्गत साकची हनुमान मंदिर के निकट सनातन उत्सव समिति ने आज नागरिकता संशोधन अधिनियम के समर्थन में खुशियाँ मनाकर आमजनों के बीच लड्डू वितरण किया गया।

****

साहिबगंज अंतर्गत जैप 9 के परिसर में 489 जवानों के बुनियादी प्रशिक्षण के उपरांत पारण परेड का आयोजन हुआ जिसमें राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह भी शामिल हुए। पुलिस महानिदेशक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए थाना स्तर पर जवानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें तकनीकी मामलों में पारंगत किया जा रहा है।

********समाप्त********